# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.05.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिंदुस्तान, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 18.05.2026

### लैंड पूलिंग के जरिये आनंद काशी टाउनशिप होगी साकार

**वाराणसी।** आनंद काशी टाउनशिप को काशी थीम पर विकसित किया जाएगा। कल्लीपुर में यह पूर्णतः गेटेड एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त टाउनशिप विकसित की जा रही है, जिसमें 80 से 100 फीट चौड़ी सड़कें और उच्च स्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लैंड पूलिंग के जरिये इस टाउनशिप को साकार करने की योजना है। आनंद काशी टाउनशिप परियोजना को स्मार्ट एवं फ्लेक्सिबल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सौर ऊर्जा आधारित रूफटॉप सिस्टम, एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग, स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली, एसटीपी, दोहरी पाइपलाइन व्यवस्था, सतत उपयोगिता एवं कनेक्टिविटी निगरानी प्रणाली, स्मार्ट बिन, इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड और एयर क्वालिटी सेंसर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह टाउनशिप काशी की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शहरी विकास का समन्वित स्वरूप होगी। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान –दि0 18.05.2026

### अगले माह कल्लीपुर में लॉन्च होगा हाउसिंग प्रोजेक्ट

हि अच्छी खबर

**वाराणसी, विशेष संवाददाता।** वीडीए अगले माह राजातालाब के पास कल्लीपुर में आवासीय प्रोजेक्ट 'काशी आनंद' लॉन्च करने जा रहा है। 30 वर्षों बाद प्राधिकरण नियोजित कॉलोनी विकसित करेगा। परियोजना के तहत 90 फीसदी जमीनें खरीदी जा चुकी है। तीन हजार से अधिक लोगों को उचित दर पर प्लाट और फ्लैट देने का लक्ष्य है। वर्तमान में चहारदीवारी और फेंसिंग कार्य शुरू हो गया है।

मंडलायुक्त एस. राजलिंगम के मुताबिक वीडीए की अंतिम परियोजना बड़ालालपुर आवासीय कॉलोनी है। 1997 में परियोजना का नोटिफिकेशन हुआ था। उसके बाद लैंडबैंक की वजह से प्राधिकरण अब तक कोई बहुमंजिली इमारत या आवासीय कॉलोनी विकसित नहीं कर पाया है।

वर्तमान में तीन बड़ी परियोजनाओं पर काम चल है। 150 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में प्रस्तावित कल्लीपुर आवासीय परियोजना में 90 फीसदी जमीन प्राधिकरण ने किसानों से खरीद ली है। वहीं रिंग रोड किनारे मढ़नी प्रोजेक्ट में 60 फीसदी से अधिक भूमि क्रय हुई है। इसके अलावा गंजारी स्टेडियम के पास भी जमीन क्रय करने के लिए किसानों से वार्ता शुरू हुई है।



- 'काशी आनंद' आवासीय परियोजना आकार लेगी
- तीन हजार लोगों को प्लॉट देने का रखा है लक्ष्य

#### रेरा में परियोजना का होगा रजिस्ट्रेशन

मंडलायुक्त ने बताया कि अगले 10 दिनों में जमीनों का क्रय होने के बाद अब प्राधिकरण के नाम से पजेशन शुरू होगा। चूंकि कल्लीपुर प्राधिकरण के बाहर है, इसलिए रेरा में परियोजना का रजिस्ट्रेशन कराना है। जून के अंतिम हफ्ते में भू आवंटन शुरू हो जाएगा। हालांकि आवंटन पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। इसके लिए वीडीए को पॉलिसी बनाने का निर्देश दिया गया है।

#### बहुमंजिला इमारत में फ्लैट भी मिलेंगे

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक परियोजना में छोटे-बड़े सभी तरह की जमीन उपलब्ध होगी। स्कूल, अस्पताल, पार्क और मॉल आदि के लिए भी अलग-अलग जमीनें आवंटित की जाएंगी। इसके अलावा मल्टीस्टोरी ग्रुप हाउसिंग के लिए जमीन का चिह्नांकन किया जाएगा। इसे पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा। इसलिए परियोजना में फ्लैट के अलावा प्लॉट भी मिलेंगे।

#### निजी डेवलपर्स बनाएंगे मॉल और ग्रुप हाउसिंग

कल्लीपुर प्रोजेक्ट के आसपास कई बड़े निजी डेवलपर्स भी मॉल और ग्रुप हाउसिंग के लिए जमीन तलाश रहे हैं। प्राधिकरण ने भी शालिमार जैसे बड़े डेवलपर्स को ग्रुप हाउसिंग के लिए आमंत्रित किया है।

**दैनिक जागरण –दि0 18.05.2026**

# अपने कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन दिलाएगा वीडीए

**जागरण संवाददाता, वाराणसी:** पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने ग्रीन मोबिलिटी अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्राधिकरण में करीब 400 से अधिक नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से करीब 90 प्रतिशत कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालय आने-जाने, फील्ड निरीक्षण, प्रवर्तन और परियोजना अनुश्रवण जैसे कार्यों के लिए पेट्रोल चालित दोपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। इसे देखते हुए वीडीए ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, ताकि ईंधन खर्च और कार्बन उत्सर्जन दोनों में कमी लाई जा सके। अभियान के प्रथम चरण में 100 ई-वाहनों का आर्डर दिया जा रहा है। कर्मचारियों को ई-वाहन खरीदने के लिए विभिन्न कंपनियों और डीलरों से संस्थागत छूट दिलाने की पहल की गई है। साथ ही बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से कम ब्याज दर पर आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्यवाही चल रही है। राज्य और केंद्र सरकार की सब्सिडी योजनाओं, रोड टैक्स एवं पंजीकरण शुल्क में छूट का लाभ भी कर्मचारियों को मिलेगा। इसके अलावा प्राधिकरण के मुख्य और जोनल कार्यालयों में ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएंगे। जिनका उपयोग आम नागरिक भी कर सकेंगे।



> पेट्रोलियम पदार्थों के संकट को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर दिया गया है। अधिकारियों-कर्मचारियों के इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों के लेने से रोज करीब चार सौ लीटर पेट्रोल और दो सौ लीटर से अधिक डीजल की बचत होगी। पहले चरण में 100 इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन मंगाए गए हैं।
>
> **-पुर्ण बोरा, उपाध्यक्ष, वीडीए।**

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला –दि0 18.05.2026

## लैंड पूलिंग के जरिये आनंद काशी टाउनशिप होगी साकार

वाराणसी। आनंद काशी टाउनशिप को काशी थीम पर विकसित किया जाएगा। कल्लीपुर में यह पूर्णतः गेटेड एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त टाउनशिप विकसित की जा रही है, जिसमें 80 से 100 फीट चौड़ी सड़कें और उच्च स्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लैंड पूलिंग के जरिये इस टाउनशिप को साकार करने की योजना है। आनंद काशी टाउनशिप परियोजना को स्मार्ट एवं फ्लेक्सिबल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सौर ऊर्जा आधारित रूफटॉप सिस्टम, एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग, स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली, एसटीपी, दोहरी पाइपलाइन व्यवस्था, सतत उपयोगिता एवं कनेक्टिविटी निगरानी प्रणाली, स्मार्ट बिन, इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड और एयर क्वालिटी सेंसर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह टाउनशिप काशी की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शहरी विकास का समन्वित स्वरूप होगी। ब्यूरो

हिंदुस्तान –दि0 18.05.2026

# कर्मचारियों के लिए वीडीए 400 ई-स्कूटी खरीदेगा

## चार्जिंग स्टेशन बनेंगे, पेट्रोल, डीजल की बचत के लिए नई पहल




**वाराणसी, प्रमुख संवाददाता।** पेट्रोल डीजल की बचत के राष्ट्रीय अभियान में वीडीए प्रशासन ने नई पहल की है। वीडीए के सभी अधिकारी और कर्मचारी इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों से चलेंगे। वीडीए प्रशासन ग्रीन मोबिलिटी अभियान के तहत 400 ई-स्कूटी खरीदेगा। इसके अलावा प्राधिकरण के मुख्यालय एवं जोनल कार्यालयों में ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे। जिनका लाभ आमलोग भी उठा सकेंगे।



पूर्ण बोरा

फिलहाल पेट्रोल-डीजल पर ये कर्मचारी हर माह जितना खर्च करते हैं, उतनी ईएमआई पर उनको ई-स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के पहले चरण में 100 ई-दो पहियान का ऑर्डर दिया जा रहा है। वीडीए प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को ये वाहन विशेष छूट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। एक अनुमान के अनुसार इस पहल से प्रतिदिन लगभग 300-400 लीटर पेट्रोल-डीजल की बचत होगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण में कमी, ऊर्जा संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है।

### मां अन्नपूर्णा के अन्नक्षेत्र में पीएनजी आपूर्ति शुरू

**वाराणसी।** मां अन्नपूर्णा मंदिर की रसोई में अब प्राकृतिक गैस से भोजन पकाया जाएगा। रविवार को अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र में पीएनजी सेवा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, अन्नपूर्णा मठ के महंत शंकरपुरी, गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक एचके गर्ग ने किया। इस मौके पर जनार्दन शर्मा, जीएम गेल सुशील कुमार, प्रवीण सिंह, चंदन कुमार, प्रवीण गौतम, देबाशीष साहू, प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. पवन शुक्ला, रमेश तिवारी, राकेश तोमर आदि मौजूद रहे।